(ग) उन एजेंसियों का ब्यौरा क्या है जिनके विरुद्ध जांच का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) :

(क) और (ख) उपस्करों की कमी तथा विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों के उल्लंघन इत्यादि के कारण गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में 5 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपें बन्द (समाप्त) की गई हैं । उनमें से एक एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पुनः खोल दी गई है ।

(ग) 9 अन्य एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपों के विरुद्ध जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है ।

रसोई गैस के कनेक्शनों के लिए "तत्काल योजना" में अतिरिक्त प्रावधान किया जाना

536. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "तत्काल योजना" के कार्यान्वयन से प्रतीक्षा सूची में दर्ज आम उपभोक्ताओं की प्रतीक्षा अवधि में वृद्धि होने की संभावना है ; और

(ख) यदि हां, तो "तत्काल योजना" के अन्तर्गत रसोई गैस के कनेक्शन देने के लिए क्या अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है और क्या अतिरिक्त संसाधन उपयोग में लाए जा रहे हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) :

(क) और (ख) 1995-96 की पंजीकरण योजना के अन्तर्गत कुल कनेक्शनों के 10% तक कनेक्शन तत्काल योजना के अन्तर्गत जारी किए जा सकते हैं । प्रतीक्षा सूची पर इसका प्रभाव इस योजना के अन्तर्गत दिए गए कनेक्शनों की सीमा तक पड़ेगा । तथापि, नए उत्पादन स्रोतों को चालू करके, कुछ मौजूदा स्रोतों की क्षमता वृद्धि करके और नई आयात सुविधाओं के माध्यम से और अधिक आयात करके एल पी जी की उपलब्धता में वृद्धि द्वारा आने वाले वर्ष में अतिरिक्त नए एल पी जी ग्राहकों का पंजीकरण करने की योजनाएं तयार कर ली गई हैं । आशा है कि 1996-97 तक सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास एल पी जी की उपलब्धता में महत्वपूर्ण वृद्धि हो जाएगी ।

Joint venture with West Asian Oil Producing countries for setting up Refineries

5537. SHRI S- MADHAVAN: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to establish refineries with the participation of the West Asian Oil producing countries; and

(b) if so, what are the steps taken to establish such joint ventures?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) and (b) Government have approved the setting up of two grass-root refineries of 6 MMTPA capacity each as Joint Ventures between Bharat Petroleum Corporation Ltd. and Oman Oil Company Ltd. in Bina (Madhya Pradesh) and Hindustan Petroleum Corporation Ltd. and Oman Oil Company Ltd. in Deogarh (Maharashtra) Indian Oil Corporation and Cochin Refineries Ltd. are also negotiating with Kuwait Petroleum Corporation for setting up of refineries in "he Joint Sector.